>

Title : Need to facilitate issuance of voter cards to youth hailing from different parts of the country and residing in Metro cities.

श्री महाबल मिश्रा (पश्चिम दिल्ली): आज देश के मेट्रो शहरों में अनेक राज्यों जैसे बिहार, उत्तरांचल, मध्य प्रदेश आदि बहुत से नौजवान अपने रोजगार की तलाश में अपने सपने संजोने के लिए पलायन करके आते हैं। अकेले दिल्ली में ही करीब 10 से 12 लाख नौजवान ऐसे हैं जिनके पास अपना कोई आई.डी. प्रूफ नहीं हैं, जिसकी वजह से उन्हें अनेकों परेशानियों से गुजरना पड़ता है। कोई बैंक उन्हें एजूकेशन लोन तक नहीं देता है, मकान मालिक उन्हें कोई आई.डी. प्रूफ बनवाने नहीं देता है। रोजगार में भी अनेक कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। स्वर्गीय श्री राजीव गांधी जी ने 18 साल के नौजवान को मत देने का अधिकार दिया। परन्तु, आई.डी प्रूफ न होने के कारण व वोटर कार्ड न होने के कारण उनको मत देने के अधिकार से वंचित रहना पड़ता है।

अतः मेरा सरकार से अनुरोध है कि प्रत्येक मेट्रो शहर में रह रहे नौजवान को 10 रूपये के स्टैंप पेपर पर उनके जीवन परिचय को स्वीकृति देकर उनको वोटर कार्ड बनवाने की इजाजत दी जाये, जिससे उसको मत देने का अधिकार मिल सके तथा वोटर कार्ड पर ही एजूकेशन लोन इत्यादि सुविधाएं देने हेतु अतिशीघ्र उपचारात्मक कदम उठाये जाने की कृपा करें।